और जिनको मिलने चाहिये, थे उनको ये प्लाट्स नही दिये गये थे ? जिन लोगों को ये प्लाट्स मिले थे वे मध्यम वर्ग में नही आते थे । मंत्री महादय ने अपने उत्तर के 'ख' भाग मे यह आश्वासन दिया है कि "प्लाटो का विकास होते ही तारीख निश्चित कर दी जाएगी," मै इस के लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहता हू कि वे इस के लिए योजना बना रहे है । मैं मंत्री महोदय से यह भी जानना चाहता हूं कि क्या इन 40 और 80 गज के प्लाटो के लिए मध्यम वर्ग के लोगों का रजिस्ट्रेशन करना शुरू करेंगे ताकि इन प्लाटो का विकास होते ही उनको अलाट कर दिये जाए ?

**निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) :** अब मे पहले इस के सम्बन्ध में क्या नीति थी, उसका सम्बन्ध इम सवाल मे नही है । लेकिन भविष्य के लिए, जैसा कि हमने कहा है, 94 हजार यूनिट्स—64 हजार मकान प्लाट्स पर और 30 हजार ग्रुप हाउसिग मकानात का एक प्रोग्राम आरम्भ किया गया है । इस प्रोग्राम के मातहत रजिस्ट्रेशन तब शुरू होगा जब स्कीम फ़ाइनेलाइज हो जाएगी ।

**श्री राम कंवार बेरवा** . मैं यह जानना चाहता हूं कि पहले कितने लोगो को ये प्लाट दिये गये थे ? क्या मंत्री महोदय, इसकी जानकारी देंगे ?

**श्री सिकन्दर बख्त :** पहले कितने लोगो को दिये गये थे, इसके बारे में मुझे अगर नोटिस दे तो मैं जानकारी पेश कर दूगा ।

## Seminar on potential of wood-based industries held at Dehradun

+

*376. SHRI PIUS TIRKEY:
SHRI SHYAM SUNDAR GUPTA.

Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state:

(a) whether a Seminar on the potential of wood-based industries in the development of rural national economy which was held recently in Dehradun, has urged Government to ban the export of raw wood, and instead promote export of wood products; and

(b) if so, re-action of Government thereto?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA): (a) and (b). A statement is laid on the Table of the Sabha.

**Statement**

(a) Yes Sir. A Seminar on the "Potential of wood-based Industries in the Development of Rural and National Economy" was held on 8th and 9th February, 1979 in Dehra Dun under the joint sponsorship of Timber Development Association of India and Forest Research Institute and Colleges, Dehra Dun. The proceedings of the Seminar have not been finalised by the Timber Development Association of India and not received by the Government of India as yet.

(b) In view of non-receipt of the proceedings by Government of India, the question of reaction of Government does not arise.

SHRI PIUS TIRKEY: I want to know: by what time the Government is expecting to get the finalised procceings of the Seminar? What are the reasons for the delay and who are the state-wise members of the Seminar?

SHRI SURJIT SINGH BARNALA: This seminar was held only on the 9th of February, 1979. So, there has been no delay. I would not be able to tell the names of the Members but I will supply this information to the hon. Member.

SHRI PIUS TIRKEY: What is the present acreage of forest in the country and what is the amount of revenue received by raw wood export, locally consumed including fuel? Is the Government thinking of checking indiscriminate felling of tress and rapid forestation scheme where the hillocks are getting barren?

SHRI SURJIT SINGH BARNALA: There are many types of timbers the export of which has been stopped or restricted. One of these is teak and sandalwood. These are totally banned both in log and sawn forms. The export of rosewood is allowed on quota basis. The export of sal in log and sawn forms is allowed on merit basis. The export of Gurjan is totally banned in log and sawn forms except from Andaman and Nicobar Islands. The expect of Hollock, willow, semul, mulbery is totally banned both in log and sawn forms.

We are trying to see that the forest wealth should be preserved in the

country. We are also trying in Himalayan areas particularly in sensitive areas where siltation is to take place, to conserve forest. Orders are being issued by the State Governments in this behalf.

श्री फिरंगी प्रसाद : मंत्री महोदय ने बताया है कि लकड़ी का कुछ निर्यात बन्द कर दिया गया है। मैं जानना चाहता हूं कि इसकी वजह से गत दो वर्षों मे कितनी विदेशी मुद्रा की हानि हुई है और निर्यात बन्द करने के कारण क्या इससे काम करने वालो पर भी असर पड़ा है ?

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : एक्सपोर्ट का काम बन्द इसी लिए किया गया है ताकि यहां से कोई चीज तैयार हो कर जाए, बन कर जाए, लाग की शक्ल मे या लकड़ी की शक्ल मे न जाए, बल्कि तैयार माल हैंडी क्राफ्ट्स का या प्लाईवुड की जो भी चीजे होती हैं वे बन कर जाएं ताकि और लोगों को काम मिल सके। इससे ऐसी बात नही है कि एक्सपोर्ट अर्निग्ज में कोई कमी आ गई हो बल्कि फारेन एक्सचेंज अर्निग्ज इससे बढ़ेंगी।

श्री सत्यदेव सिंह : गत कुछ वर्षों में वन सम्पदा का बड़े बेढंगे रूप से नाश किया जाता रहा है। इसके कारण इकोलोजिकल चेंजिज भी हो रही थी। वन सम्पदा की क्षति को रोकने के लिए सरकार क्या कोई राष्ट्रीय नीति तय करेगी और इसके बारे में वह राज्य सरकारो को भी इसको लागू करने के निर्देश देगी ? यह बहुत आवश्यक है।

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : कुछ समय पहले मैंने देश के सारे कंजर्वेटर आफ फारेस्ट्स की मीटिंग बुलाई थी। सभी प्रान्तों से उनको बुलाया गया था। उनकी राय ली गई थी। इस बात पर विचार हो रहा है कि किस तरह से हम जंगलात का विकास कर सकते हैं और किस तरह से जो इस वक्त जंगलात हैं उनको सुरक्षित रखा जा सकता है।

## Operation Flood I and II programme in States

*378. SHRI PADMACHARAN SAMANTASINHERA: Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to lay a statement showing:

(a) whether programme of operation Flood I and II of the National Dairy Development is not working in every State;

(b) if so, in which States this scheme is working and in which States it is likely to be introduced in 1979-80; and

(c) the total amount of expenditure on this scheme (State-wise) uptodate and the amount provided for this scheme for 1979-80?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA): (a) to (c). A statement is laid on the Table of the Sabha.

### Statement

(a) and (b). Operation Flood 1 programme was begun in 1970. It is being implemented in the States of Punjab, Haryana. Uttar Pradesh, Rajasthan, Gujarat. Maharashtra. Tamil Nadu, Andhra Pradesh, West Bengal, Bihar and the Union Territory of Delhi. Under Operation Flood II, sanctioned in October, 1978, it is proposed to cover practically all the States.

The project is to be implemented by the Indian Dairy Corporation in collaboration with the State Governments, concerned. The I.D.C. and the State Governments are expected to enter int agreements regarding the details of the modalities of implementation. As soon as a particular State completes the agreement, actual implementation of the programme in the State will be taken in hand.

(c) The total disbursement of Operation Flood I (State-wise) till January, 1979 is given below:—

| | Figures in Rs. Lakhs |
|---|---|
| Andhra Pradesh | 250·72 |
| Bihar | 297·78 |
| Delhi | 622·87 |
| Gujarat | 1053·54 |
| Haryana | 254·14 |
| Maharashtra | 1233·10 |
| Punjab | 294·79 |
| Rajasthan | 331·63 |
| Tamil Nadu | 678·29 |
| Uttar Pradesh | 451·00 |
| West Bengal | 947·02 |
| TOTAL | 6414·87 |

But the total expenditure, including Rs. 1557.67 lakhs as direct operating expenditure by IDC, was Rs. 7972.54 lakhs by 31-1-1979.

During 1979-80, a sum of Rs. 2350 lakhs is expected to be utilised under Operation Flood I.